न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट घाटोल जिला बांसवाडा (राज.)

पीठासीन अधिकारी का नाम :— श्री राम प्रकाश (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :— 24/2019

वादी :—

1. विजयपाल पिता मनियाजी, जाति मईडा भील, उम्र वयस्क, निवासी भोयर, तहसील गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.)

बनाम

प्रतिवादीगण :—

2. श्रीमान् तहसीलदार, तहसील कार्यालय गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.)।

दिनांक :—12.03.2020

निर्णय

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

विजयपाल पिता मनियाजी, जाति मईडा भील, उम्र वयस्क, निवासी भोयर, तहसील गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.) ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136—भू—राजस्व अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम भोयर पटवार हल्का भोयर तहसील गनोडा जिला बांसवाडा (राज.) में स्थित संयुक्त खाता संख्या 25 नयी, 22 पुरानी के खसरा संख्या क्रमशः 1903, 1913, 1914, 1924, 1961, 1965, 1972 कुल खसरा 7 कुल क्षेत्रफल 0.75 है. जमाबन्दी संवत 2070—73 के अनुसार ग्राम भोयर, पटवार हल्का भोयर, तहसील गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.) में स्थित है। प्रार्थी सहखातेदार होकर मौके पर काबिज है तथा मौके पर कोई विवाद नही है। खाते की कृषि भूमि में प्रार्थी का नाम वेस्ता पिता मनिया है। जबकि वास्तविक नाम विजयपाल पिता मनिया करने के लिये निवेदन किया है।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर जरिये सम्मन तहसीलदार गनोडा को तलब किया गया। तहसीलदार गनोडा का जवाब दिनांक 24.12.2019 को पेश किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अध्ययन किया गया। तहसीलदार गनोडा के द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं पटवारी की मौका पर्चा रिपोर्ट में यह कथन स्पष्ट है कि वेस्ता पिता मनिया एवं विजयपाल पिता मनिया एक ही व्यक्ति है एवं इस नाम का कोई ओर व्यक्ति नही है। इसलिये उक्त खसरा संख्या 1903, 1913, 1914, 1924, 1961, 1965, 1972 कुल खसरा 7 कुल क्षेत्रफल 0.75 है. को विजयपाल पिता मनियाजी, जाति मईडा भील, उम्र वयस्क, निवासी भोयर, तहसील गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.) के नाम रिकार्ड दर्ज करने के आदेश दिये जाते है।

पत्रावली फैशल शुमार होकर नम्बर से कम कर दाखिल दफ्तर हो।

(राम प्रकाश)
उपखण्ड मजिस्ट्रेट
घाटोल, बांसवाडा।

—:: आदेश ::—

ग्राम भोयर पटवार हल्का भोयर तहसील गनोडा जिला बांसवाडा (राज.) में स्थित संयुक्त खाता संख्या 25 नयी, 22 पुरानी के खसरा संख्या क्रमशः 1903, 1913, 1914, 1924, 1961, 1965, 1972 कुल खसरा 7 कुल क्षेत्रफल 0.75 है. में विजयपाल पिता मनियाजी, जाति मईडा भील, उम्र वयस्क, निवासी भोयर, तहसील गनोडा, जिला बांसवाडा (राज.) की संयुक्त खातेदारी में सह खातेदार दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार घाटोल 15 दिवस में आदेश का अमल दरामद कर रिपोर्ट पेश करें।

(राम प्रकाश)
उपखण्ड मजिस्ट्रेट
घाटोल, बांसवाडा।